समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 11 September 2026

# Responsible Nations Index 2026: सिंगापुर सर्वाधिक जिम्मेदार, भारत 16वे स्थान पर

Publisher Published on 23 Jan 2026



**Responsible Nations Index (RNI) 2026** के ताज़ा परिणाम जारी कर दिए गए हैं, जिनमें **सिंगापुर** ने **विश्व के 154 देशों** में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह सूचकांक पारंपरिक आर्थिक या सैन्य शक्ति के बजाय देशों की **नैतिक शासन, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक प्रतिबद्धता** जैसे मानदंडों पर आधारित है।

### सिंगापुर ने रैंकिंग मे बाज़ी मारी

Responsible Nations Index 2026 में **सिंगापुर को शीर्ष स्थान** मिला है, जिसका कुल स्कोर लगभग **0.61945** है। इसके बाद **स्विट्ज़रलैंड** दूसरे और **डेनमार्क** तीसरे स्थान पर रहे। सूचकांक के अनुसार ये देश सामाजिक कल्याण, पर्यावरण सुरक्षा और न्यायपूर्ण शासन जैसे क्षेत्रों में अत्यधिक जिम्मेदार भूमिका निभा रहे हैं।

### भारत ने दिखाया दम — 16वां स्थान

भारत को इस सूचकांक में **16वां स्थान** मिला है, जो इसकी सामाजिक, पर्यावरणीय और वैश्विक जिम्मेदारी के संकेत देता है। यह रैंकिंग वैश्विक महाशक्तियों **अमेरिका (66)** और **चीन (68)** से कहीं बेहतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने **गवर्नेंसं, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग** के मानकों पर मजबूत प्रदर्शन किया।

इस तरह की रैंकिंग यह दिखाती है कि **किसी देश की जिम्मेदार भूमिका सिर्फ आर्थिक या सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं होती**, बल्कि नागरिकों और दुनिया के प्रति उसका व्यवहार भी मायने रखता है।

### रैंकिंग का उद्देश्य और मानदंड

Responsible Nations Index का उद्देश्य राष्ट्रीय सफलता को नए तरीकों से मापना है। यह केवल आर्थिक विकास या रक्षा

बजट की तुलना नहीं करता, बल्कि उन नीतियों और प्रतिबद्धताओं को देखता है जो **मानवाधिकार, पर्यावरण स्थिरता और वैश्विक शांतिपूर्ण योगदान** को बढ़ावा देती हैं।

सूचकांक में **58 संकेतक** और **7 आयाम** शामिल हैं, जिनमें जीवन की गुणवत्ता, शासन, सामाजिक न्याय, आर्थिक प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण, शांति प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध शामिल हैं।

### अन्य प्रमुख देशों की स्थिति

- **स्विट्ज़रलैंड** — 2
- **डेनमार्क** — 3
- **साइप्रस, स्वीडन, चेकिया** — शीर्ष 10 में
- **फ्रांस, जापान** — भारत के बाद क्रम में
- **अमेरिका और चीन** — अपेक्षाकृत पिछड़े पायदानों पर हैं

रैंकिंग के निचले पायदान पर **सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, सीरिया और साउथ सूडान** जैसे देश रहे हैं जिनके स्कोर काफी कम रहे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.